## महत्वपूर्ण एवं खास

### वॉशरूम में ब्लास्ट करने वाले 6 छात्रों पर गिरी गाज

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** शहर के सेंट विन्सेंट पल्लोटी स्कूल के सोडियम ब्लास्ट मामले में 6 छात्रों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। स्कूल के चार छात्रा और दो छात्र को निलंबित कर दिया गया है। ये सभी 8वीं कक्षा में पढ़ते हैं। इस मामले में चार प्राचार्यों की जांच समिति गठित की गई है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि शुक्रवार को स्कूल के वॉशरूम में जोरदार धमाका हुआ था। जिसमें 8वीं क्लास की छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई थी। जिसका अस्पताल में इलाज जारी है।

### आर्य समाज के नाम पर संचालित संस्थानों को हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने आर्य समाज के नाम पर संचालित संस्थानों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के बाद की गई। बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से इस मामले में याचिका दायर की गई है। याचिका में बताया गया कि रजिस्ट्रार, फर्म और सोसायटी ने छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 का उल्लंघन करते हुए कई संस्थाओं का पंजीकरण किया है। ये संस्थाएं धन कमाने के उद्देश्य से समाज शब्द का अवैध रूप से इस्तेमाल करते हैं। आर्य समाज के नियमों और सिद्धांतों का इन संस्थानों में पालन नहीं किया जाता है। ना ही हवन, सत्यसंध के कार्यक्रम होते हैं और ना ही गुरकुल से उपाधि प्राप्त कोई पुरोहित होता है। इस मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। जिसमें हाईकोर्ट ने बिना किसी संबंद्धता के आर्य समाज के नाम का इस्तेमाल कर अवैध रूप से विवाह कराने वाले सस्थानों को नोटिस जारी जवाब तलब किया है।

### अनिल टुटेजा की जमानत अर्जी हाईकोर्ट से खारिज

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है. टुटेजा पर शराब नीति घोटाले, अवैध कमीशन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगा है. ईडी ने 2024 में पीएमएलए मामले में पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया था.

### अविवाहित युवती की डिलवरी के दौरान मौत

**सरगुजा-रायपुर (आरएनएस)।** मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में जच्चे और बच्चे दोनों की मौत का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, जशपुर की युवती को डिलीवरी के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां जच्चे-बच्चे की मौत हो गई. इस मामले को लेकर मेडिकल कॉलेज अधीक्षक आरसी आर्य ने कहा, जशपुर से 19 वर्षीय अविवाहित युवती मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची थी. डॉक्टर ने जांच के दौरान फाउल स्पेलिंग डिस्चार्ज होने पर तत्काल सपोर्टिव ट्रीटमेंट देने के बाद ऑपरेशन किया गया. ऑपरेशन के दौरान बच्चे की मौत पहले से हो चुकी थी. वहीं मरीज की हालत गंभीर बनी हुई थी, जिसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया था. मरीज को बचाने के लिए पूरा प्रयास किया गया, लेकिन उसे नहीं बचाया जा सका.

### मियूरा इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा हादसा, ठेकाकर्मी की मौत

**दुर्ग (आरएनएस)।** भिलाई के हैवी इंडस्ट्रियल क्षेत्र हथखोज में स्थित मियूरा इंफ्रास्ट्रक्चर में शक्रवार शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। कार्य के दौरान एक हैवी पार्ट गिरने से मजदूर प्रवीण चांद्रिकपुरे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद कंपनी में हडक़ंप मचा हुआ है।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025

# आज तीसरे चरण में 2.18 लाख मतदाता करेंगे मतदान

### लैलूंगा, तमनार और घरघोड़ा ब्लॉक के 175 ग्राम पंचायतों में होगी वोटिंग, बनाए गए हैं 435 मतदान केंद्र






**रायगढ़**

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीसरे और अंतिम चरण के लिए लैलूंगा, घरघोड़ा और तमनार विकासखंड में 23 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए एक दिन पहले 22 फरवरी को मतदान दलों को सामग्री वितरण कर रवाना किया गया।

तीसरे चरण में तीन विकासखंडों के 175 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसके लिए कुल 435 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें तमनार के 61 ग्राम पंचायतों के लिए 142 मतदान केंद्र, घरघोड़ा के 42 ग्राम पंचायतों के लिए 113 मतदान केंद्र और लैलूंगा के 75 ग्राम पंचायतों हेतु 180 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में भी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरित कर रवाना किया गया। 23 फरवरी को सुबह 07 से दोपहर 03 बजे तक वोटिंग होगी। जिसके पश्चात वहीं वोटों की गिनती की जाएगी।

**तीसरे चरण में 2.18 लाख मतदाता डालेंगे वोट**

तीसरे और अंतिम चरण में तीन विकासखंड के कुल 2 लाख 18 हजार 131 मतदाता वोट डालेंगे। इसमें 1 लाख 06 हजार 760 पुरुष और 1 लाख 11 हजार 371 महिला मतदाता शामिल हैं। इसमें तमनार विकासखंड के 34 हजार 779 पुरुष और 35 हजार 946 महिला मतदाता हैं। घरघोड़ा के 25 हजार 669 पुरुष और 27 हजार 650 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं लैलूंगा विकासखंड अंतर्गत 46 हजार 312 पुरुष और 47 हजार 775 महिला मतदाता शामिल हैं।

### मतदान दल उत्साह के साथ निर्वाचन सामग्री लेकर रवाना हुए



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में मतदान दल सुबह से लेकर दोपहर तक अपने दल के साथ निर्वाचन सामग्री को प्राप्त कर निर्वाचन सामग्री का मिलान किए। उसके बाद दल सहित निर्धारित बस से अपने मतदान केंद्र में सकुशल पहुंचे हैं। मतदान दल में शामिल व्यायाम शिक्षक ममता साहू, पूजा अकेला, शिक्षक काजल सहित अन्य निर्वाचन कर्मी उत्साहित नजर आई। इस अवसर पर सभी मतदान दल बैलेट बॉक्स, दस्तावेज, प्रपत्र आदि के मिलान में बहुत व्यस्त थे। परिसर में भीड़ था, वही भारत माता चौक से बाजार चौक तक सड़क व्यस्त था। मंडी परिसर में मतदान दल की सुविधा के लिए लाउड स्पीकर, सेक्टर दल, पुलिस आदि का स्टॉल लगाया गया था। ये दल 23 फरवरी को सारंगढ़ ब्लॉक में पंचायत चुनाव सम्पन्न कराएंगे।

## जेल से छूटते ही विधायक देवेन्द्र यादव के खिलाफ फिर एफआईआर दर्ज

**रायपुर । आरएनएस**



शुक्रवार से जेल से रिहा होने के बाद विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ फिर से एक एफआईआर दर्ज हो गई है। दरअसल 7 महीने के बाद शुक्रवार को विधायक देवेंद्र यादव जेल से रिहा हुए थे। देवेंद्र यादव की रिहाई पर नेताओं और समर्थकों ने सेंट्रल जेल के बाहर सडक़ पर जश्न मनाना शरू कर दिया। अब इसे लेकर विधायक देवेंद्र यादव समेत 13 लोगों के खिलाफ गंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा मामले मे पिछले सात महीने से जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत के बाद कल शाम जेल से रिहा किया गया था। विधायक की रिहाई से गदगद कांग्रेस नेता उनका स्वागत करने जेल परिसर पहुंच गये और सेंट्रल जेल के सडक़ पर ही जश्न मनाना शुरू कर दिया था। जिसके चलते वहां जाम की स्थिति बन गई थी। इसी मामले को लेकर गंज थाना में विधायक सहित 13 लोंगों के खिलाफ धारा 126(2), 3(5) तलक तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इन कांग्रेसी नेताओं में देवेन्द्र यादव सुबोध हरितवाल शांतनु झा आकाश शर्मा शोएब ढेबर अतीक मेमन फराज फरदीन खोखर अनवर हुसैन शेख वसीम नीता लोधी बाबी पांडे शिबली मेराज खान शामिल है।

## मतदान दल को बनाया बंधक, पुलिस दल पर किया पथराव, पंचायत चुनाव में हारे प्रत्याशी ने समर्थकों के साथ मचाया हंगामा

**बिलासपुर । आरएनएस**



जीत की खुशी को जज्ब हो जाती है, लेकिन हार का मलाल नहीं सहन हो पाता है. ऐसा ही एक नजारा बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में बीती रात देखने को मिला, जहां हारे हुए प्रत्याशी और उसके समर्थकों ने मतदान दल को बंधक बनाने के साथ-साथ पुलिस दल पर पथराव कर तीन पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया. मामले में 14 नामजद सहित 100 से अधिक लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के लगरा ग्राम पंचायत में का है, जहां दूसरे चरण के मतदान के बाद मतगणना के दौरान हिंसा भडक़ उठी. हार से आक्रोशित प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने मतगणना स्थल पर हंगामा मचाते हुए पुनर्मतगणना की मांग करने लगे. मामला शांत होने की बजाए हिंसक हो उठा और गुस्साए समर्थकों ने मतदान दल पर हमला कर दिया. यहां तक स्थल पर तैनात पुलिस बल पर भी पथराव कर दिया. इस हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, वहीं दो से अधिक गाडिय़ां क्षतिग्रस्त हो गईं.

इस वाकये से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. लोगों में दहशत का माहौल बन गया और कई लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में किया. पुलिस ने मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए 14 नामजद समेत 100 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस बल लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहा है, ताकि कोई और अप्रिय घटना न हो.

## मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक शुरू, अहम मुद्दों पर हो रही चर्चा

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय, महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक शुरू हो गया है। विधानसभा के बजट सत्र से पहले हो रहे इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। इस दौरान विधानसभा का बजट सत्र पर चर्चा हो सकती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित है। कैबिनेट की बैठक के उपरांत ब्रीफिंग मंत्रालय के भू-तल स्थित -12 में होगी 7 मंत्रालय में प्रवेश गेट नंबर 4 से है ल वाहन जनसंपर्क संचालनालय छोटा पारा से दोपहर 12:30 बजे रवाना होंगे। साथ ही सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों पर भी मंथन किया जा सकता है बैठक में नई भर्तियों, प्रदेश में किसानों से जुड़ी नई योजनाएं, माइनिंग फंड के प्रयोग, जलापूर्ति की योजनाओं से जुड़े मसलों पर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है जो 21 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र में 17 बैठकें होंगी। विष्णुदेव साय सरकार इस सत्र में अपना दूसरा बजट पेश करेगी। सत्र के दौरान 3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे। इससे पहले 9 फरवरी 2024 को पहला बजट पेश किया गया था। बजट सत्र की तैयारी को लेकर सीएम साय सभी विभागों की बैठकें ले रहे हैं। बजट सत्र में 2 हजार से ज्यादा सवाल लगाए गए है।

### छत्तीसगढ़ में जाएगी 1 लाख करोड़ से अधिक का इन्वेस्टमेंट : ओपी चौधरी



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ा बयान दिया है. बता दें, मध्यप्रदेश में इन दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जारी है. छत्तीसगढ़ में भी जीटीएस के आयोजन को लेकर मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक बड़ा इवेंट कर दें और एक्चुअल इन्वेस्टमेंट कुछ ना हों तो कोई फायदा नहीं है. इन्वेस्टमेंट आउटकम ओरिएंटेड होना ज्यादा जरूरी है. सरकार की कोशिश है अच्छे इन्वेस्टर आ जाएं, इससे इकोनॉमी को बड़ा फायदा होगा. वित्त मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि सीएम साय और उद्योग मंत्री दिल्ली मुम्बई से निवेश लेकर आए हैं. छत्तीसगढ़ में 1 लाख करोड़ से अधिक का इन्वेस्टमेंट आने की प्रक्रिया चल रही है. नया रायपुर में सेमीकंडक्टर फार्मास्यूटिकल हब बनेगा. एक साल में अलग-अलग सेक्टरों में काम दिखना शुरू हो जाएगा. इसके बाद करेंगे तो ज्यादा लाभ मिलेगा.

## बोलेरो पलटी, 15 लोग घायल, 9 की हालत गंभीर

**गरियाबंद । आरएनएस**



जिले में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल लोगों को रायपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा छट्टी कार्यक्रम से वापसी के दौरान हुआ। ग्राम बोरसी के लोग गरियाबंद के देवभोग के पास स्थित कोकड़ीमाल गांव रिश्तेदारी में गए थे। भोजन करने के बाद वे कड़ी मालगांव होते हुए अपने घर वापस लौट रहे थे। रात के समय, काश नाले पर ड्राइवर को मोड़ सही से समझ में नहीं आया, जिसके कारण बोलेरो वाहन नदी में पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। नगर के जागरूक युवकों ने 6 किलोमीटर दूर से पहुंचकर सभी घायलों को विभिन्न वाहनों के माध्यम से गरियाबंद अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज जारी है।

## स्कूल जाने में कोताही बरतने वाले स्टूडेंट्स की बढ़ी मुश्किलें, बोर्ड परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे

**रायपुर । आरएनएस**



इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने एक नई व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत अब अपात्र विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने से पहले ही रोक दिया जाएगा। क्योंकि वे अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड ही नहीं कर पाएंगे। पहले कई बार ऐसे मामले सामने आते थे, जहां अपात्र विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो जाते थे, लेकिन अब यह संभव नहीं होगा।

अपात्र विद्यार्थियों में वे छात्र शामिल हैं जिनकी कक्षा में उपस्थिति 75त्न से कम है। इसके अलावा, अनुशासनहीनता, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नामांकन, या अन्य अनियमितताओं में संलिप्त छात्रों को भी अपात्र घोषित किया जाता है। मंडल की इस नीति का उद्देश्य योग्य छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर देना है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, बल्कि छात्रों को नियमित उपस्थिति और अनुशासन का महत्व भी समझ में आएगा।

बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं 1 मार्च से प्रारंभ होंगी, जिसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बार संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर उडऩदस्ता टीम को विशेष रूप से तैनात किया जाएगा। इस वर्ष लगभग 2500 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं।

## प्रेम प्रसंग में प्रताड़ना से युवती ने की थी आत्महत्या, मामले में जूटमिल पुलिस ने की शीघ्र कार्यवाई, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**



जूटमिल थाना क्षेत्र में युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी अपने गृह ग्राम बिहार फरार होने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते भागने से पहले ही उसे दबोच लिया गया।

घटना की जानकारी के अनुसार, 21 फरवरी की सुबह जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज को कहरापारा क्षेत्र में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। मामले की जांच के लिए उपनिरीक्षक गिरधारी साव घटनास्थल पर पहुंचे, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका (19 वर्षीय युवती) के परिजनों और सहेलियों से पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि वह एक ब्यूटी पार्लर में कार्यरत थी और पिछले चार वर्षों से प्रदीप नामक युवक के साथ प्रेम संबंध में थी।

परिजनों के अनुसार, 20 फरवरी को युवती अपने कार्यस्थल से लौटने के बाद रात में भोजन कर सो गई थी, लेकिन सुबह 4 बजे देखा गया कि उसने निर्माणाधीन मकान की गैलरी में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली थी। मर्ग जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कुछ दिनों पूर्व युवती और प्रदीप के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपी ने युवती की स्कूटी अपने पास रख ली थी। घटना के दिन गांधीगंज में आरोपी ने युवती की मां और बहन के सामने उसे अपमानित किया और कहा, "मेरे साथ रहना है तो रह, नहीं तो मत रह," और स्कूटी लौटाकर वहां से चला गया। इसके बाद से ही युवती मानसिक रूप से परेशान थी और प्रदीप की प्रताड़ना से आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जूटमिल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रदीप कुमार पिता मोतीलाल राम (उम्र 25 वर्ष), निवासी दरौंदा, जिला सिवान (बिहार), वर्तमान में फटहामुड़ा, प्रियदर्शी नगर, थाना जूटमिल, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत अपराध क्रमांक 58/2025 पंजीबद्ध किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

इस पूरे मामले की जांच और आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक गिरधारी साव, महिला प्रधान आरक्षक क्लोस्टिका खरे और आरक्षक तरुण महिलाने की अहम भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480